# 52वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की रिपोर्ट

पीआरएल की 52वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक **डॉ. अनिल भारद्वाज**, निदेशक, पीआरएल की अध्यक्षता में 13 मार्च, 2023 को आयोजित हुई। इस बैठक में राजभाषा के कार्यान्वयन संबंधी महत्वपूर्ण चर्चा की गई। निदेशक महोदय ने सभी विभागों में चल रहे हिंदी संबंधी प्रगति की समीक्षा की एवं आगामी प्रयोग को लेके कुछ सुझाव भी प्रेषित किए।

इस बैठक में हिंदी प्रशिक्षण संबंधी चर्चा हुई जिसमें सभी प्रधान एवं उप-प्रधान को यह निर्देश दिए गए की उनके विभाग में यदि किसी को हिंदी प्रशिक्षण की आवश्यकता हो तो तत्काल पूछा जाए। इस बैठक में प्रत्येक तिमाही के दौरान सभी प्रभागों एवं अनुभागों के प्रधान से हिंदी संबंधी नियमों का शक्ति से अनुपालन करने के लिए कहा गया। इस बात पर भी बल दिया गया कि बैठकों में चर्चा हिंदी में एवं राजभाषा हिंदी के बारे में चर्चा की जाए।

***बैठक की झलकियां***



